

देहरादून : साझेदारी की घोषणा करते दोनों संस्थान के पदाधिकारी।

# यूपीईएस व सेल्सफोर्स के बीच करार

देहरादून (एसएनबी)। यूपीईएस के स्कूल आफ कंप्यूटर साइंस ने सेल्सफोर्स (कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित ग्राहक संबंध प्रबंधन प्रणाली) के साथ एक नई साझेदारी की घोषणा की है। इसके तहत यूपीईएस में विशेष कौल विकास कार्यक्रम शुरू किया गया है, जो छात्रों को उद्योग उन्मुख और वास्तविक जीवन से जुड़े शिक्षा अनुभव प्रदान करेगा।

बृहस्पतिवार को प्रतिभा, उद्देश्य व साझेदारी विषय पर 'सेल्सफोर्स डे/यूपीईएस' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टाटा कंसलटेंसी सर्विसेज, विप्रो और आईबीएम जैसे प्रमुख सेल्सफोर्स भागीदार शामिल हुए, जो टैलेंट हब को रणनीतिक सलाह, मार्गदर्शन और प्रमाणित कौशल विकास के अवसरों से सशक्त बनाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों ने छोटे समूहों में कालेज से क्लाउड तक का सफर, प्रमाणन का महत्व, क्लाइंट-फर्स्ट माइंडसेट और क्रिएटिविटी में सीआरएम की भूमिका पर चर्चा की। यूपीईएस लंबे समय से उद्योग के साथ मजबूत सहयोग के माध्यम से छात्रों को कौशल प्रदान करने पर केंद्रित रहा है। सेल्सफोर्स के साथ यह नई साझेदारी इस दिशा में एक स्शाक्त कदम है, जो छात्रों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डेटा, क्लाउड, और आटोमेशन जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करेगा।

■ युवाओं को मिलेगा डिजिटल कौशल विकास का नया मंच

यूपीईएस के स्कूल आफ कम्प्यूटर साइंस के डीन डा. विजयशेखर चेल्लाबोइना ने कहा कि अकादमिक शिक्षा में उद्योग की अंतर्दृष्टि को एकीकृत करते हैं। एक डिजिटल प्रथम अर्थव्यवस्था में छात्रों को केवल तकनीकी जानकारी नहीं, बल्कि उद्योग संदर्भ और मार्गदर्शन भी चाहिए। सेल्सफोर्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर (आपरेशंस एंड टेक्नोलाजी) संकल्प अटल ने कहा कि तकनीक हमारे जीवन, कार्य और सीखने के तरीके को फिर से परिभाषित कर रही है। ऐसे में हमें सोचना होगा कि प्रतिभा को कैसे तैयार करें। यूपीईएस के साथ सहयोग एक सार्थक कदम है।